हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 सितंबर 2025

04 'हम तो रजिस्टर्ड शराबी हैं' छापे के बाद भी...



07 बिजली चोरी रोकने काटे तार जमकर हुआ हंगामा...





## खबर संक्षेप

### टेरिटोरियल आर्मी भर्ती रैली 10 नवम्बर से

**सागर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारीकैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया (से.नि.) ने बताया कि टेरिटोरियल आर्मी भर्ती (केवल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार राज्य) हेतु एक महत्वपूर्ण रिकरूटमेंट रैली का आयोजन किया गया है। यह भर्ती रैली दिनांक 10 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक नया रायपुर सैन्य स्टेशन, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया में आयोजित की जाएगी। भर्ती में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क करें।

### जनसुनवाई में हुई 178 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 178 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर अमन मिश्रा, एसडीएम आदिती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 178 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### बंडा तहसीलदार ने कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार बंडा तहसीलदार मोहित जैन ने ग्राम पंचायत कंदवा, बम्होरी सागर में कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही हल्का पटवारी के कार्यों की समीक्षा की। तहसीलदार मोहित जैन ने हल्का पटवारी को नक्शा तरमीम, फॉर्मर आईडी, एनपीसीआई, ईकेवाईसी के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए साथ ही सर्वेयर से गिरदावरी की जानकारी भी प्राप्त की गई एवं गिरदावरी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर उनकी शिकायतों को सुना जाकर ,ग्राम पंचायत के सरपंच के माध्यम से निराकरण कराया गया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत हितग्राहियों के पंजीयन भी चेक किए गए। तहसीलदार मोहित जैन के साथ राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत सरपंच, हल्का पटवारी, कोटवार, सर्वेयर, उपस्थित रहे।

### जननी सुरक्षा योजनाः प्रसव पूर्व की जा रही है बैंक खातों की जांच

**सागर।** गर्भवती माताओं को प्रसव के दिन ही जननी सुरक्षा समेत अन्य कल्याणीकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर संदीप जी आर ने विगत दिवस महिलाओं के बैंक खातों, ई केवायसी, बैंक से आधार लिंक समेत अन्य जरूरी कागजी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में केसली में आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है। जिसमें 947 गर्भवती महिलाओं के बैंक खातों की जांच की गई एवं सुनिश्चित किया गया कि गर्भवती महिलाओं का फीड किया हुआ बैंक खाता एक्टिव हो।
शेष बची हुई गर्भवती महिलाओं के बैंक खातों की जांच प्रकिया सर्वे के माध्यम से लगातार जारी है।

## अमानक स्तर के खाद बीज बेचने वालों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई: कमिश्नर

# सागर संभाग में खाद बीज गुण नियंत्रण के लिए कार्रवाई नहीं होने पर कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में अमानक स्तर के बीज खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को दिए हैं। कमिश्नर ने सागर संभाग के कृषि विभाग के सभी उपसंचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अमानक स्तर के खाद बीज और कीटनाशक बेचने वाले फर्मों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में किसी भी स्थिति में अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशकों का विक्रय नहीं होना चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अगर कोई फर्म अमानक स्तर का खाद बीज और कीटनाशक विक्रय करता हुआ पाया जाता है तों ऐंसे फर्मों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। कमिश्नर ने सागर संभाग में खाद, बीजों और कीटनाशकों के गुण नियंत्रण हेतु निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण सागर संभाग के सभी कृषि विभाग के उपसंचालकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संयुक्त संचालक कृषि को दिए हैं।



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज कृषि विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में पराली जलाने से होने वाले हानियों के प्रति किसानों को जागरुक करें तथा पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में आधुनिक कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, सुपर सीडर के संबंध में कियानों को जानकारी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों का किसानों के बीच में प्रदर्शन कराएं और उनका उपयोग करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी करें। बैठक में कमिश्नर ने स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि स्वाईल हेल्थ कार्ड योजना का शतप्रतिशत लक्ष्य सभी जिलों में पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर द्वारा सागर संभाग की मंडी समितियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड ने बताया कि सागर संभाग में 36 मंडियां संचालित हैं। सभी मंडियों में आवक की स्थिति धनात्मक है और सभी मंडियों की आय भी धनात्मक स्थिति में है। बैठक में कमिश्नर द्वारा एमपीएग्रो के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक कृषि सागर संभाग, संयुक्त संचालक सहकारिता, संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड सागर एवं एमपीएग्रो के अधिकारी उपस्थित रहे।




### कटरा बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देश दिए गए थे कि मस्जिद के चारों तरफ अतिक्रमण हटाने एवं पीली पटटी के अंदर वाहन पार्क करने एवं व्यापार करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पीली लाइन के बाहर ना वाहन खड़े किए जाएं और ना ही व्यापार किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में आज नगर निगम और पुलिस विभाग के द्वारा कार्रवाही करते हुए मजिस्द के चारों तरफ दुकानदारों और वाहन चालकों को पीली पट्टी के अंदर ही सीमित रहने के लिए समझाइश दी जा रही है। साथ ही, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालानी और जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने नागरिकों से अपील की है कि वे सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। नगर निगम और पुलिस का सहयोग करें जिससे कि आवागमन को सुगम एवं सुलभ बनाया जा सकें।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. आर. एस. जयंत ने की। शिविर में विशेष रूप से वृद्धजनों सहित अनेक नागरिकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, उपचार एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया।शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनयदीप बुदौलिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डी. वाय. कृपा दीदीप्या, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. अंकिता सिंह शामिल थे। विशेषज्ञों ने अनेक मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार उपयुक्त परामर्श एवं उपचार निःशुल्क प्रदान किया।



वहीं फिजियोथेरेपी विभाग से विशेषज्ञ डॉ. फिरदोस परवीन (पी.टी.) एवं डॉ. प्रियंका नामदेव (पी.टी.) द्वारा वृद्धजनों एवं विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों को फिजियोथेरेपी की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इलेक्ट्रोथेरेपी एवं एक्सर साइज थेरेपी की सहायता से गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटना एवं कंधे का दर्द, लकवा, सेरेब्रल पाल्सी, चेहरे का लकवा, एड़ी दर्द जैसी समस्याओं का उपचार किया।

### श्रमिक परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि के हितलाभ पत्र वितरित किए

**गढाकोटा।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रदेश के 7953 श्रमिक परिवारों को 175करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण के लाइव प्रसारण कार्यक्रम सभी जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने नगर गढ़ाकोटा के 2 श्रमिक परिवारों को 8 लाख रुपये के अनुग्रह सहायता राशि के हितलाभ पत्र वितरित किये । इस अवसर पर पार्षद राजू यादव, किशोरी कोरी, देवेन्द्र यादव, नीलेश दुबे, इंद्रजीत चौहान, परसोत्तम साहू, नवीन अहिरवार उपस्थित रहे।



### आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों, पंचायत भवनों में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अधिकारी अपने अपने विभागों सहित स्कूल, कॉलेज एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उनके मॉनिटरिंग इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से की जाए। कलेक्टर श्री संदीप जी ने कहा कि जिले में सभी व्यवस्थाएं सुचारू एवं समय पर संचालित हो इसकी मॉनिटरिंग करना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यालय के मुख्य गेट से लेकर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए।

## रात भर चली सर्चिंग, सुबह एसडीआरएफ की टीम ने डेड बॉडी बरामद की

# सेल्फी लेने बाइक से सुनार नदी के पुल पर पहुंचा युवक पैर फिसला गिरा नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर के गढ़ाकोटा में सोमवार कि रात सुनार नदी पर बने बड़े पुल पर सेल्फी लेते समय एक 17 साल का लड़का हादसा का शिकार हो गया वह सुनार नदी गिर गया। मंगलवार सुबह उसकी डेड बॉडी एसडीआरएफ की टीम ने बरामद की है, लड़के की पहचान राजेश पिता दामोदर कुशवाहा साल निवासी बाछलोन के रूप में की गई।थाना पुलिस में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक करनसींग मरकाम से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात बाइक सवार गढ़ाकोटा में बने बड़े पुल पर पहुंचा। उसने बाइक पुल पर खड़ी की और सेल्फी ले रहा था तभी उसके साथ यह हादसा हो गया।



घटना देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से सर्चिंग शुरू कराई। लेकिन अंधेरा होने से लड़के का कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस ने पुल पर खड़ी बाइक के नंबर की मदद से नदी में कूदने वाली लड़के की जानकारी निकाली। मोबाइल नंबर मिलने पर परिवार वालों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन गढ़ाकोटा पहुंच गए। जिसके बाद मंगलवार सुबह सागर से एसडीआरएफ की टीम पहुंची। सुनार नदी में सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब डेढ घंटे की सर्चिंग के बाद राजेश का शव बरामद कर लिया गया है। मामला दर्ज कर पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## दमोह रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर,मौके पर मौत

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। मंगलवार दोपहर दमोह रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह पूरा मामला गढाकोटा के दमोह रोड स्थित पारस पेट्रोल पंप के पास का है। दोपहर करीब 2 बजे एक बाइक चालक पेट्रोल पंप के पास से गुजर रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही पलों में उसकी मौके पर ही जान चली गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गढाकोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहीं टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया,जिसकी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मृतक की पहचान उसकी मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर की। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृतक दमोह का निवासी है। हालांकि पुलिस मृतक की विस्तृत शिनाख्त और परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया में जुटी है। गढाकोटा-दमोह रोड पर आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोग इस क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक कंट्रोल और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग कर रहे हैं,लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस ताजा हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## विश्वविद्यालयः डॉ. वंदना विनायक को मिला श्रेष्ठ महिला वैज्ञानिक पुरस्कार

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के अपराध शास्त्र एवं न्यायिक विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना विनायक को राष्ट्रीय विधि विज्ञान सम्मान समारोह में श्रेष्ठ महिला वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया । उनको यह पुरस्कार विधि विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए तथा नवाचार, अनुसन्धान और व्यावसायिक उत्कृष्टता की भावना को प्रदर्शित करने तथा उनके उल्लेखनीय प्रयासों दृढ़ता और ज्ञान एवं सभ्यता की उन्नति के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय की योजना के तहत थिंक साक्ष्य संस्था की ओर से प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर, विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।






## प्रो. सोनल सिंह बेस्ट एलआईएस शिक्षक अवॉर्ड 2025 से सम्मानित हुए डॉ. महेंद्र कुमार

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेंद्र कुमार को सोशल डेवलपमेंट फेडरेशन आगरा के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में बेस्ट एलआईएस टीचर अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया । वर्ष 2025 से प्रारंभ हुआ यह पहला सम्मान डॉ. महेंद्र कुमार को प्राप्त हुआ । यह अवॉर्ड प्रो. सोनल सिंह पूर्व संकायाध्यक्ष, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस अवॉर्ड कार्यक्रम में सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट सुमोधा सिंह, डॉ. रजनीश शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट, प्रो. एम. मधुसूदन दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. पी. के. शर्मा, मेरठ, प्रो. मंगला हीरबड़े, नागपुर, विश्वविद्यालय एवं लाइब्रेरी साइंस के अनेक अध्यापक एवं शोधार्थी इस अवॉर्ड कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। डॉ. महेंद्र कुमार की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी, एवं छात्र छात्राओं ने बधाई दी ।




## कलेक्टर के निर्देश पर सागर गैरे सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई, लिए गए सैंपल

**सागर।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर एसडीएम अदिति यादव, तहसीलदार संदीप तिवारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने सागर गैरे रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई अनियमितताएं और गंदगी पाई गई निरीक्षण कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम अदिति यादव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश अनुसार मिलावट से मुक्ति अभियान एवं माफिया पर कार्रवाही करने के निर्देश दिए गए है। इसी परिप्रेक्ष्य में खाद्य पदार्थो की दुकानों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज सिविल लाइन क्षेत्र स्थित सागर गैरे रेस्टोरेंट पर कार्रवाही की गई। जिसमें रेस्टोरेंट में न तो वैध फूड लाइसेंस मौजूद था, न ही स्वच्छता के मानकों का पालन किया जा रहा था। किचन और परिसर में भारी गंदगी मिलने के साथ-साथ, वहां उपयोग किए जा रहे छह गैस सिलेंडरों के दस्तावेज भी अनुपलब्ध पाए गए। एसडीएम अदिति यादव ने बताया कि इसी प्रकार सिविल लाईन की राजस्थान स्वीट्स, चाय सुट्टा बार, कृष्ण स्वीट्स सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया और सैंपल लिए गए।




## नगर निगम की जनसुनवाई में समस्याओं का निराकरण करने के दिए निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही जनसुनवाई में विभिन्न वार्डों से आए नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को उपायुक्त एसएस बघेल ने सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । जनसुनवाई में मुन्नालाल वनवृत्त कार्यालय ने नल कनेक्शन करवाने, ओंकार शर्मा एवं हल्लू लोधी सेवानिवृत्त कर्मचारी ने ईपीएफ, सुरेन्द्र विश्वकर्मा बाघराज वार्ड ने अतिक्रमण कर रखे वाहनों को हटाने, दामोदर कोरी संतकबीर वार्ड ने मकान के नक्शा के संबंध में एवं हेमलता पटेल ने दीवाल उठवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कार्यालय अधीक्षक सहित समस्त शाखाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रिंट रेट से महंगी बिक रही शराब को लेकर आबकारी का छापा बेअसर

# 'हम तो रजिस्टर्ड शराबी हैं' छापे के बाद भी मिली महंगी शराब!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में आबकारी का नया ठेका होने के बाद से शराब दुकानों पर महंगे दामों पर शराब बेचने की मनमानी की खबरें प्रतिदिन सामने आ रही है। जिस पर आबकारी विभाग आंख मूंद कर सोया हुआ था लेकिन सागर से आकर टीकमगढ़ आबकारी प्रभारी बनी कीर्ति दुबे ने जिले में आमद देते ही पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान पर छापामार कर ओवररेट की कार्यवाही की। लेकिन प्रभारी आबकारी अधिकारी कीर्ति दुबे के जाते ही शराब दुकानदार ने पुनः ऊँचे दामों पर शराब बेचना शुरू कर दी। जिसका वीडियो भी सामने आया है। अब इस परिस्थिति में आबकारी बिभाग की कार्यवाही और क्षमता को लोग संदेह की नजरो से देख रहे है। लोगो का कहना है कि नये आबकारी ठेकेदार और उनकी टीम आबकारी विभाग प्रशासन को लेकर बेखौफ़ होकर मनमाना कार्य कर रहा है। जबकि आबकारी ठेकेदार का कहना है कि टीम को कोई गड़बड़ी नहीं मिली। सिर्फ कुछ दिशा निर्देश दिए गये है।

**गड़बड़ी सामने आने पर फटकार लगाने के साथ की कार्रवाई:** प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी कीर्ति दुबे ने बताया कि नियमित जांच के दौरान पाया गया कि शराब दुकान पर निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर देसी, अंग्रेजी शराब और बियर बेची जा रही थी। साथ ही रेट सूची भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं की गई थी, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। जिसको लेकर ओवर रेट की कार्यवाही की गई है। आबकारी विभाग ने संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई है और सभी दुकानों पर रेट सूची लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले की अन्य शराब दुकानों के भी जांच के आदेश दिए गए हैं।





### नवागत अधिकारी ने आमद देते ही उड़नदस्ता के साथ मारा छापा

मंगलवार को पुराना बस स्टैंड रोड स्थित शराब दुकान पर आबकारी विभाग की उड़न दस्ता टीम ने छापेमारी कर जांच की। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि दुकान पर रेट सूची तक नहीं लगाई गई थी और ग्राहकों को प्रिंट रेट से 20 से 30 रुपए अधिक दाम पर शराब और बियर बेची जा रही थी। तब छापेमारी के दौरान ही शराब दुकानदार द्वारा 20 से 30 रुपए कम में शराब बेचने की बात कही जाने लगी। छापामार टीम में मौजूद अधिकारी ने बताया कि पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान पर ओवर रेट की कार्रवाई की गई है। उल्लेखित है कि जिले में शराब दुकानों पर ओवररेटिंग की शिकायतें लंबे समय से लगातार मिल रही थीं। ग्राहक बार-बार विभाग तक अपनी पीड़ा पहुंचाते रहे कि दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं, लेकिन कार्रवाई न होने से शिकायतें ठंडे बस्ते में जाती रहीं। लेकिन मंगलवार की छापेमारी के बाद आखिरकार विभाग ने पहली बार सख्ती दिखाई है।

### शराब ठेकेदार सही बोल रहे या अधिकारी

एक तरफ आबकारी अधिकारी ने बताया कि दुकान पर ओवर रेट की कार्यवाही की गई है लेकिन दूसरी तरफ ठेकेदार परशुराम शिवहरे ने विभाग की कार्रवाई को सिर्फ नियमित जांच बताया और कहा कि उनकी दुकान पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली। चूँकि दुकान में रेट सूची नहीं लगी थी इसलिए जांच के दौरान आबकारी टीम द्वारा केवल रेट सूची लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी अधिकारी और शराब ठेकेदार के अलग अलग बयानों को देखकर अब ऐसे में सच झूठ का पता नहीं चल पा रहा कि आबकारी अधिकारी सही बोल रहे या शराब ठेकेदार।

## दुकानदार कह रहा कि अधिकारी का तो काम हो गया, ऊंचे दाम पर ही मिलेगी शराब

आबकारी विभाग के उड़नदस्ता की कार्यवाही होने और टीम के जाने के बाद ही एक वीडियो बायरल हुआ जिसमें कार्रवाई के तुरंत बाद एक ब्यक्ति शराब खरीदकर पूंछने पर बताया कि शराब तो अभी भी ऊंचे दाम पर बिक रही है। और जब ग्राहक ने शराब दुकानदार से कहा कि अब तो कार्यवाही के बाद 20 से 30 रूपये कम में शराब मिलना थी तो दुकानदार बोला कि कार्यवाही करने आये अधिकारी का तो काम हो गया। इसलिए अब शराब पूर्व की तरह ऊँचे दामों पर ही मिलेगी। ग्राहक ने वीडियो में यह भी कहा कि आप तो हमारा नाम और फोटो लगाकर वायरल कर दो कि हमने ये हकीकत बताई। क्योंकि हम तो रजिस्टर्ड शराबी है। रोज शराब खरीदकर पीते है। उक्त ग्राहक द्वारा बताई गई हकीकत के बाद भी आबकारी विभाग की कार्यवाही संदेह के घेरे में दिख रही।

### बेलगाम ठेकेदार और ऊंचे दाम पर मिल रही शराब बता रही जुगलबंदी

स्थानीय लोगों का कहना है कि नया ठेका होने के बाद से शराब दुकानों पर ग्राहकों को ऊँचे दामों पर शराब बेचकर लूट का शिकार बनाया जा रहा है। अधिक दाम पर शराब बेचते ठेकेदारों पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा। और न ही शराब ठेकेदार को आबकारी विभाग व प्रशासन का कोई भय है। मंगलवार की कार्रवाई भी संदेह के घेरे में है। ऐसी परिस्थितियों को देखकर तो यही लगता है कि आबकारी विभाग और शराब ठेकेदार के बीच सांठगांठ के चलते जबरदस्त जुगलबंदी है। जिसके चलते लोगो को लूटकर अपनी जेबे भरी जा रही है और सरकार को चूना लगाया जा रहा।

---

लंबित वेतन निकालने मांगी थी रिश्वत, एक लाख लेते शिक्षक व चपरासी को पकड़ा

## गुणवत्ता हेतु खोले गए सीएम राइज स्कूल में लोकायुक्त का छापा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सीएम राइज स्कूल खोले गये थे। इन स्कूलों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार देना है। साथ ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा देना भी है। लेकिन अब संस्कार और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के उद्देश्य से खोले गये सीएम राइज स्कूल भी भ्रष्टाचार का केंद्र बन गये है। जिसका ताज़ा उदाहरण जिले के पलेरा स्थित सीएम राइज स्कूल से सामने आया है। जहाँ सोमवार को लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें खोल दीं। लोकायुक्त सागर की टीम ने छापेमार कार्रवाई में सहायक शिक्षक कैलाश खरे और चपरासी शंकरलाल कटारे को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### लंबित वेतन निकालने के एवज में मांगे 5 लाख, एक लाख में हुई डील



लोकायुक्त इंस्पेक्टर रंजीत सिंह ने बताया कि यह मामला माध्यमिक शाला बेला से जुड़ा हुआ है। यहां पदस्थ सहायक शिक्षक अनिल कुमार खरे निलंबन अवधि में थे और उनका वेतन लंबित चल रहा था। वेतन निकालने के एवज में आरोपी शिक्षकों ने पीड़ित अनिल खरे से 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। जिसके बाद लंबी बातचीत और दबाव के बाद उक्त सौदा 1 लाख रुपये में तय हुआ। परेशान होकर पीड़ित अनिल ने इसकी शिकायत लोकायुक्त सागर कार्यालय में की। शिकायत की पुष्टि के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से पलेरा पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही आरोपी कैलाश खरे और शंकरलाल कटारे ने रिश्वत की राशि ली तभी लोकायुक्त टीम ने उन्हें रंगेहाथ धर दबोचा।

### प्रकरण दर्ज कर जांच जारी, शिक्षा विभाग पर उठे सवाल

लोकायुक्त पुलिस ने दोनों आरोपियों कैलाश खरे और शंकरलाल कटारे को मौके से गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और बिभाग में गहरी जम चुकी भ्रष्टाचार की जड़ो को लेकर फिर से सवाल खड़े हो गए हैं। जिन शिक्षकों पर बच्चों को संस्कार और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वही शिक्षक भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे मिले। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

## 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत को सफल बनाने प्रचार शुरू

**टीकमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार-प्रसार अभियान की शुरुआत की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास ने प्रचार वाहन और नगर पालिका की कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रवीणा व्यास ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण होना चाहिए। लोक अदालत में राजीनामा करने से न तो किसी की हार होती है और न जीत, बल्कि आपसी वैमनस्यता समाप्त होकर भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है। प्रचार वाहनों के माध्यम से ऑडियो क्लिप और पम्पलेट वितरित कर आम जनता को लोक अदालत से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। लोगों को प्रेरित किया जाएगा कि वे आपसी सहमति से अपने प्रकरण लोक अदालत में निपटाएँ। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश एनके गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, प्रणयदीप ठाकुर, वरूण पुनासे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंक दुबे सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे। साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया, एल.ए.डी.सी.एस. के अधिवक्ता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

## 109 संबल लाभार्थियों को सिंगल क्लिक से मिली 2 करोड़ से अधिक की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल मंत्रालय से संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 7953 प्रकरणों में 175 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इसी कड़ी में टीकमगढ़ जिले के 109 हितग्राहियों के खाते में कुल 2 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि पहुंची। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय सहित जिले की सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, श्रम विभाग के अधिकारी रोचित राज और अमन दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान हितग्राहियों ने भी वीडी माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और प्रसारण देखा। संबल योजना के तहत विभिन्न पंचायतों और नगरीय निकायों के हितग्राहियों के खाते में अंतरित राशि का ब्योरा इस प्रकार है, जनपद पंचायत टीकमगढ़ के 29 हितग्राही 67 लाख, जनपद पंचायत जतारा के 16 हितग्राही 38 लाख, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के 48 हितग्राही 1 करोड़ 2 लाख, जनपद पंचायत पलेरा के 5 हितग्राही 12 लाख, नगर पालिका टीकमगढ़ के 4 हितग्राही 8 लाख, नगर परिषद बल्देवगढ़ के 5 हितग्राही 12 लाख, नगर परिषद जतारा के 2 हितग्राही 4 लाख कुल मिलाकर जिले के 109 पात्र परिवारों को 2 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में मिली। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन की ओर से संबल योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।



## नाले पर पुलिया न होने से जिंदगी बेहाल छात्र और मरीज परेशान

**टीकमगढ़।** जिले के खरगापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 का दुनर मोहल्ला इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता का शिकार बना हुआ है। यहां मुख्य पहुंच मार्ग पर बने नाले पर पुलिया तक नहीं है, जिसके कारण 100 से अधिक परिवारों को रोजमर्रा की जिंदगी नरक जैसी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्तमान में नाले में 3 से 4 फीट तक पानी भरा हुआ है और लोगों के पास आने-जाने का कोई दूसरा रास्ता मौजूद नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासी ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चे नाले से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे उनकी ड्रेस और किताबें रोज खराब हो जाती हैं। कई बार बच्चे भीगने के डर से घर लौट आते हैं। स्थिति गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों के लिए बेहद चिंताजनक है। वार्डवासी बताते हैं कि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए चारपाई का सहारा लेना पड़ता है। वहीं महिलाएं और बुजुर्ग रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए कमर तक पानी में उतरने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन को कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर सामूहिक धरना देंगे।

'हर घर नल से जल' योजना के लिये तरस रहा गुड़ा नज़दीक पाली गांव

## पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी पलेरा में भ्रष्टाचार पर किया कुर्बान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट ‟हर घर नल से जल" योजना का सपना पलेरा क्षेत्र में अधूरा साबित हो रहा है। सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल, ग्रामीणों को घर-घर पाइपलाइन से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, वह पलेरा क्षेत्र में विभागीय लापरवाही और भ्रष्टाचार पर कुर्बान कर दी गई है। ग्राम पंचायत गुड़ा नज़दीक पाली इसका ताजा उदाहरण है। जहां दो साल पहले जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना का काम शुरू किया गया था। लेकिन घटिया निर्माण और अधिकारियों-सचिव-सर्पंच की मिलीभगत के चलते आज भी गांव के लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गांव के बाहर स्थित एकमात्र कुआं ही ग्रामीणों की प्यास बुझा रहा है। जबकि योजना के लिए पंचायत को 3 लाख 25 हजार रुपए 15वें वित्त से स्वीकृत भी किए गए थे। लेकिन पाइपलाइन का काम अधूरा और घटिया स्तर का निकला। नलों से पानी आना तो दूर, गांव में बिछाई गई पाइपलाइन तक बेकार पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार और पंचायत के जिम्मेदारों ने सस्ते और घटिया मटेरियल का उपयोग किया, जिससे पूरी योजना ठप्प पड़ गई। पाइपलाइन डालने के दौरान गांव की सड़कों को बुरी तरह खोद दिया गया था। लेकिन काम पूरा होने के बाद न तो सड़कें ठीक की गईं और न ही जलापूर्ति शुरू हुई। नतीजा यह कि ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है,एक तरफ पानी की किल्लत, दूसरी तरफ टूटी-फूटी सड़कों से रोजाना परेशानी हो रही है।



गांव वालों ने कई बार पंचायत और विभागीय अधिकारियों को शिकायतें दर्ज कराईं। टूट-फूट की तस्वीरें और वीडियो तक वायरल हुए। बावजूद इसके किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और जल निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से योजना का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि जनप्रतिनिधि इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हैं। जबकि यह योजना सीधे जनता के जीवन से जुड़ी है। लेकिन इसमें भी सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए स्थानीय स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार की खुली मिसाल देखने को मिल रही है। गुड़ा नज़दीक पाली के लोग अब शासन-प्रशासन से जांच और कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों पर कठोर दंड और घटिया निर्माण में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई ही समाधान है। अन्यथा हर घर नल से जल जैसी योजनाएँ महज़ कागज़ों और भ्रष्टाचार के खेल तक सीमित रह जाएंगी।

---

## नवीन कानून के तहत सजा रूप में आया पहला फैसला, आजीवन कारावास

# एसपी मंडलोई के सफल निर्देशन में नवीन वीएनएस कानून में पुलिस की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के चुस्त निर्देशन में जिले में पुलिस की सख़्ती और चौकस विवेचना का बड़ा असर देखने को मिला है। नए आपराधिक कानून वीएनएस के तहत दर्ज मामलो में जिले में पहली बार सजा सुनाई गई है। जिसमें तीन आरोपियों को आजीवन काराबास की सजा दी गई है। जिले के दिगोड़ा थाना के पहले बड़े प्रकरण में न्यायालय ने हत्या मामले में मृतक की पत्नी, बेटी और प्रेमी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं जिले के अन्य चार प्रकरणों में भी आरोपियों को जुर्माने से दंडित किया गया। एसपी मंडलोई की कड़ी निगरानी और विवेचकों की तत्परता से यह सफलता मिली है।






### कड़े निर्देशन में समयबद्ध विवेचना का सफल परिणाम आया सामने

एसपी मंडलोई के कड़े निर्देशन में पुलिस टीम ने हर प्रकरण में समयबद्ध विवेचना, साक्ष्य संकलन और गवाहों की पेशी में सक्रिय भूमिका निभाई। जिसके परिणामस्वरूप नवीन वीएनएस कानून के तहत दर्ज मामले में न्यायालय ने अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी सजा सुनाई। निरीक्षक एमपी गौंड के नेतृत्व में दिगोड़ा प्रकरण में हुई कार्रवाई ने विभागीय दक्षता को नई पहचान दी।

### नवीन वीएनएस कानून के तहत जिले में पहली सजा

शासन की ओर से पैरवीकर्ता अपर लोक अभियोजक जटाशंकर श्रोती एवं अभियोजन में सहयोग प्रभारी उप-निदेशक अभियोजन जैनेन्द्र कुमार जैन ने द्वारा संयुक्त रूप से घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि हत्या का उक्त मामला थाना दिगौड़ा में वीएनएस की धारा 103(1), 332(बी), 238 के तहत दर्ज है। जिसमें घटना दिनांक 22 जुलाई 2024 को मृतक भानचंद्र के पिता नाथूराम के द्वारा थाना दिगौड़ा में रिपोर्ट किया गया कि उसके तीन लड़के हैं जो अलग-अलग रहते हैं। बेटे भानचंद्र की दो बच्चियां हैं। उक्त दिनांक को ही ज़ब नाथूराम घर में सो रहा था तभी सुबह करीब 05 बजे घर बेटे भानचंद्र यादव की पत्नी कोमल यादव उसके घर आई और उसे बताया कि वह व उसकी लड़की रश्मि बखरी के अंदर वाले कमरे में सो रहे थे और पति भानचंद्र आगे वाले कमरे में सो रहे थे। जब सुबह लगभग पौने 5 बजे वह जागी और देखा कि बाहर के किबाड़ खुले थे। और पति भानचंद्र की लाश घर की देहरी और आंगन के बीचो बीच पड़ी हैं। किसी ने धारदार हथियार से गले, माथे व दाहिनी आंख के नीचे, दाहिने हाथ की कोहनी के नीचे बार करके मारपीट की है जिससे भानचंद्र की मौत हो गई। दिगौड़ा पुलिस ने प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पाया गया कि मृतक भानचंद्र की हत्या उसकी पत्नि कोमलवाई यादव द्वारा अपनी पुत्री रश्मि यादव व प्रेमी बैजनाथ उर्फ कल्लू रजक के साथ की है। तब तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के साक्ष्यों व तर्कों से सहमत होते हुये मृतक भानचंद्र की पत्नि, व पुत्री और भानचंद्र की हत्या करने में साथी बैजनाथ उर्फ कल्लू रजक को आजीवन कारावास एवं 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### दिगोड़ा से सामने आया वीएनएस धारा में पहली सजा के तौर पर मामला

थाना दिगोड़ा में दर्ज हत्या अपराध में मृतक भानचंद्र की पत्नी कोमल, बेटी रश्मि यादव और प्रेमी बेजनाथ रजक पर हत्या का आरोप सिद्ध हुआ। न्यायालय ने इन्हें धारा बीएनएस के तहत आजीवन कारावास और 15-15 सौ रूपये का जुर्माना, धारा बीएनएस में 3-3 वर्ष का कारावास और एक एक हजार का जुर्माना सुनाया। यह फैसला 8 सितंबर 2025 को चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय टीकमगढ़ द्वारा दिया गया।

### जिले के अन्य थानो के मामलों में भी सुनाई गई सजा

जिले के बल्देवगढ़, देहात और मोहनगढ़ थानों के चार प्रकरणों में भी न्यायालय ने आरोपियों को दोषी पाते हुए दंडित किया है। जिसमें बल्देवगढ़ थाना के दो मामलों में गोरीशंकर लोधी और रामगोपाल यादव पर 2 -2 हजार का जुर्माना, देहात थाना के मामले में आरोपी आजाद यादव पर 45 सौ रूपये का जुर्माना एबं मोहनगढ़ थाना के आरोपी सीताराम अहिरवार पर 13 सौ रूपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त पाँचों प्रकरणों में समय पर विवेचना और अदालत में साक्ष्य पेश करने से यह परिणाम सामने आया। यह सफलता पुलिस मुख्यालय की अपराध नियंत्रण नीति और न्याय सुनिश्चित करने के संकल्प का मजबूत उदाहरण है।

## बिजली घर के सामने डीपी से काटे तार छीनकर ले गए बस्तीवासी

# बिजली चोरी रोकने काटे तार जमकर हुआ हंगामा, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार की सुबह 11 के करीब शिवपुरी रोड बिजली घर के सामने उस समय खूब हंगामा हुआ जब बालापुर रोड पर लगी डीपी पर तारों के माध्यम से अवैध रूप से बिजली चोरी के शक में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तारों को काटकर जप्त कर लिया। इससे पूरे बालापुरा में बिजली बंद हो गई। इससे गुस्साए बस्ती वासियों ने बिजली घर पहुंच कर हंगामा करते हुए बाजार में जाम लगा दिया। जाम की स्थिति से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी बाद में जो तार बिजली कंपनी ने काट कर जप्त किए थे उन्हें भी वे लोग ले उठाकर ले गए जिन्होंने तार खींचकर घरों को रोशन किया हुआ था।

बिजली कंपनी का कहना है कि इन तारों के माध्यम से बस्ती के लोग बिजली चोरी कर रहे थे जबकि बस्ती वासियों का कहना है कि वह इन तारों के माध्यम से बिजली चोरी नहीं कर रहे हैं बल्कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण उन्हें एक-एक किलोमीटर दूर तक तार खींचकर लाइट जलाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिन तारों को बिजली कंपनी अवैध बता रही है उनका बस्तीवासी हर माह में बिल भी अदा करते हैं।

शहर के शिवपुरी रोड सहायक यंत्री शहरी बिजली कार्यालय के सामने बालापुरा रोड तिराहे के पास लगी डीपी पर बड़ी संख्या में तार खींचकर वार्ड क्रमांक 5 वालापुरा बस्ती रोशन की जा रही है। हालांकि यह तार महीने दो महीने से नहीं बल्कि सालों से इसी तरह लगे हुए हैं बिजली कंपनी द्वारा इन तारों को नहीं हटाने पर लोग सवाल भी उठाते रहे हैं पर मंगलवार को बिजली कंपनी ने औचक कार्रवाई करते हुए लगे तारों को काट कर न सिर्फ बिजली बंद कर दी बल्कि तारों को जब्त भी कर लिया। तारों को खींचकर साथ ले जाने के कारण पूरे बालापुरा की बिजली गुल हो गई जिससे गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी लेकिन गुस्साए लोगों के सामने उनकी एक न चली। इतना अधिक हंगामा हुआ कि आधा घंटे तक रोड जाम रहा बाद में खींचे गए तार को बस्ती के लोग उठा कर ले गए बस्तीवासी खुद को बिजली कंपनी के उपभोक्ता बता रहे है जो हर माह बिजली बिल भी अदा कर रहे हैं। जिन तारों को बिजली कंपनी ने अवैध बताकर काटा था उन्हें शाम तक जोड़े जाने की करवाई खुद बिजली कंपनी के मिस्त्री करते दिखे।



### जो कनेक्शन काटे गए थे उन्हें खुद जोड़े बिजली कंपनी ने

मजे की बात तो यह है कि सुबह 10 और 11 बजे के बीच जिन तारों को बिजली चोरी करने के आरोप में काटकर जप्त किया गया था उन तारों को ही दोबारा से डीपी से जोड़कर बिजली कंपनी के मिस्त्री बालापुरा की बिजली बहाल करते दिखे। शाम तक कंपनी के मिस्त्री तारों को जोड़ने और उपभोक्ता उक्त तारों को घरों तक पहुंचाने का काम करते देखे। इससे पहले बिजली कंपनी ने शिविर लगाकर वैध उपभोक्ता होने की तसल्ली जरूर कर ली।

### आर्म्ड केबल खराब इसलिए खींचे गए तार

दरअसल बिजली घर के सामने डीपी पर से जो तार खींच कर लाइट जलाई जा रही है वह स्थिति आर्म्ड केबल के न होने के कारण निर्मित हुई है जो आर्म्ड केबल बालापुरा के भीतर डाली तो गई है लेकिन उसका कनेक्शन डीपी से ही कटा हुआ है। बिजली कंपनी का आरोप था कि बस्ती में रहने वाले लोग आर्म्ड केबल को काट कर बिजली चोरी कर रहे हैं जिसके उसके बाद लोगों को वेध कनेक्शन के लिए भी डीपी से घर तक तार खींचकर बिजली जलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं के तार काटे जाने के बाद हंगामा होना तय था जो लोग हर माह बिल अदा कर रहे हैं वह अब बिजली कंपनी पर उन पर तार चोरी करने का आरोप भी लगा रहे हैं।

### इनका कहना...

बिजली कंपनी ने आर्म्ड केबल डीपी से ही कटी हुई है इसलिए उपभोक्ताओं को भी बिजली डीपी से तार खींचकर ले जानी पड़ रही है। बिजली कंपनी के कुछ नए मिस्त्री जिन्हें शायद इस बात की जानकारी नहीं थी ने सिर्फ तार काटकर कनेक्शन विच्छेद कर दिए और तार जप्त कर लिए। मेरे द्वारा इस वरिष्ठ अधिकारियों को इस जानकारी से अवगत कराया गया तब बिजली कंपनी ने दोबारा से सभी कनेक्शन जोड़ दिए।

**सलाउद्दीन वेलिम**
**स्थानीय पार्षद**

जिनके बिजली बिल जमा नहीं थे और जो बिजली चोरी करके अपने घरों को रोशन कर रहे थे, उनके तार काटे गए हैं। अब जिनके बिल जमा होते जा रहे हैं, उनके कनेक्शन फिर से जोड़े भी दिए गए हैं। बिजली चोरी की स्थिति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**लक्ष्मीनारायण पाटीदार**
**जीएम बिजली कंपनी, श्योपुर**

## स्कूल में पहुंची ट्रैफिक पुलिस, बच्चों को पढ़ाया ट्रैफिक नियम का पाठ

# घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाओ, 25 हजार का इनाम पाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आपके सामने यदि कोई सड़क हादसा घटित हो जाए, तो आप घबराए नहीं, बल्कि घायलों की मदद करते हुए उन्हें गोल्डन ओवर में अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान भी बचाएं और 25 हजार का इनाम पाएं। ऐसा काम करने वालों को सरकार राहवीर योजना के तहत 25 हजार का पुरस्कार प्रदान करती है। इस तरह की समझाइस मंगलवार को ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने एमजी बाल विद्या निकतेन स्कूल श्योपुर में बच्चों को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढाते हुए दी,साथही राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना, कैशलेस उपचार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

15 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात थाना पुलिस श्योपुर ने मंगलवार को एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में एमजी बाल विद्या निकेतन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइस देते हुए कहा कि आप सडक पर वाहन से चले या फिर पैदल चले, यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। वाहन चलाते समय हेलमेट अथवा सीट बेल्ट का उपयोग आवश्यक रूप से करें। इससे आपका सफर सडक पर सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि इस समय सडकों पर जो हादसे घटित हो रहे है,उनमें कहीं न कहीं एक कारण यातायात नियमों का पालन नहीं करना भी शामिल होता है।



### 62 वाहनों पर ठोका जुर्माना, वसूले 21 हजार 800 रुपए

विशेष अभियान के तहत यातायात थाना पुलिस ने शहर की सडकों पर चैकिंग प्वाइंट लगाते हुए वाहनों की चैकिंग भी। इस दौरान यातायात नियम तोडकर वाहन चलाते हुए पकडे 62 वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए उनसे 21 हजार 800 रूपए की राशि वसूली गई। ट्रैफिक टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि चैकिंग के दौरान 51 दो पहिया वाहन बिना हेलमेट और एक वाहन बिना लाइसेंस, 9 वाहन बिना सीट बेल्ट तथा एक मोडिफाइड वाहन पर चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अब जो भी वाहन सडक पर नियमों को विपरित चलता हुआ मिलेगा,उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## मानपुर के शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल का मामला

# स्कूल में पहुंचे सरपंच प्रतिनिधी ने कहा स्टाफ रजिस्टर दिखाओ, प्राचार्य बोले नहीं दिखा सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच प्रतिनिधी लक्ष्मीनारायण आर्य मंगलवार को मानपुर के ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधी और स्टाफ के बीच स्टाफ रजिस्टर दिखाने की बात को लेकर हल्की तनातनी हो गई है। दरअसल स्कूल की व्यवस्थाएं देखने के दौरान सरपंच प्रतिनिधी ने स्कूल में मौजूद स्टाफ से कहा कि स्टाफ रजिस्टर दिखाईए कि कौन सा शिक्षक आया है और कौन सा अनुपस्थित रहा है, इस पर प्राचार्य सूबेदार सिंह सिकरवार ने स्टाफ के द्वारा फोन लगाने पर यह कहते हुए स्टाफ रजिस्टर दिखाने से इनकार कर दिया कि आप को अधिकार नहीं है, इसलिए हम आपको स्टाफ रजिस्टर नहीं दिखा सकते। प्राचार्य की यह बात सुनकर सरपंच प्रतिनिधी नाराज होकर यह बात कहते हुए वापस आ गए कि हम भी निर्वाचित जनप्रतिनिधी है, तो फिर हम व्यवस्थाओं में सुधार के लिए स्टाफ रजिस्टर क्यों नहीं देख सकते। इस मामले की शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत करेगे।

ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच प्रतिनिधी लक्ष्मीनारायण आर्य ने बताया कि मुझे कई दिनों से अभिभावकों की ओर से शिकायत की जा रही था कि अक्सर प्राचार्य स्कूल से गायब रहते है। जेएसके मुख्यालय होने के कारण जब विभागीय काम से दूसरे स्कूलों के शिक्षक यहां आते है तो उन्हें प्राचार्य के न मिलने के कारण खासी असुविधाएं उठानी पडती है। वहीं स्कूल में पदस्थ स्टाफ के बीच भी आपस में विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। यही नहीं, प्राचार्य का स्टाफ के प्रति भी व्यवहार भी ठीक नहीं रहता है। जिससे विद्यालय में पढाई की व्यवस्था प्रभावित हो जाती है। अभिभावकों की ओर से बताई गई इन शिकायतों पर मंगलवार को सुबह 11 बजे के करीब मानपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखने के लिए पहुंच गया। जहां स्टाफ रजिस्टर पर किसी भी शिक्षक के हस्ताक्षर नहीं थे। सरपंच प्रतिनिधी ने बताया कि जब हमने स्टाफ रजिस्टर दिखाने के लिए कहा तो पहले शिक्षक एक दूसरे की तरफ देखने लगे। इसके बाद बोले कि प्राचार्य अभी विद्यालय में नहीं है। इसलिए आप मोबाइल पर प्राचार्य से बात कर लो, वो कह देगे तो हम आपको स्टाफ रजिस्टर दिखा देगे। लेकिन स्टाफ ने प्राचार्य सूबेदार सिंह सिकरवार से मोबाइल पर बात करने के बाद यह कहते हुए रजिस्टर दिखाने से मना कर दिया कि आप को अधिकार नहीं है।



### इनका कहना है...

विद्यालय में प्राचार्य की मनमानी चल रही है। जिसकारण विद्यालय का माहौल खराब होता जा रहा है। हम सुधार की कोशिश करते हैं तो प्राचार्य हमे अधिकार नहीं होने की बात कहते हुए स्टाफ रजिस्टर नहीं दिखाते हैं। हम इस मनमानी की शिकायत जिला प्रशासन से करेंगे।

**लक्ष्मीनारायण आर्य**
**सरपंच प्रतिनिधी मानपुर**

सरपंच प्रतिनिधि को स्कूल का निरीक्षण करने और स्टाफ रजिस्टर देखने के अधिकार नहीं है। रही बात विद्यालय में नहीं आने की तो आज बोर्ड परीक्षा फार्म संबंधी जरूरी काम डीईओ कार्यालय स्तर पर कराया। स्कूल में यदि पढ़ाई का वातावरण ठीक नहीं होता तो फिर विद्यालय की दो छात्राएं टॉपर क्यों आती।

**सूबेदार सिंह सिकरवार**
**प्राचार्य, शाउमावि मानपुर**

**एक्सपर्ट व्यू**
विद्यालय के स्टाफ रजिस्टर को अभिभावक भी स्कूल आकर देख सकता है। तो फिर जनप्रतिनिधी क्यों नहीं देख सकते। वैसे भी जनप्रतिनिधियों को स्कूल का स्टाफ रजिस्टर दिखाने में कोई दिक्कत भी नहीं होना चाहिए।

**केसी गोयल**
**रिटायर खंड शिक्षा अधिकारी, श्योपुर**

# नशे के खिलाफ सड़क पर उतरे युवा कलेक्ट्रेट का घेराव कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को युवाओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया और डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर नशे पर पूरी तरह पाबंदी लगाए जाने की मांग जोरदारी से उठाई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम दिए गए ज्ञापन में एसैप छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने बताया कि नशे का प्रचलन जिले में तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण न केवल युवाओं का शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि पारिवारिक जीवन, सामाजिक व्यवस्था और कानूनी वातावरण भी संकट में है। इसलिए नशे पर पूरी तरह पाबंदी तत्काल लगाए जाने की आवश्यकता है।

ज्ञापन में पी.जी कॉलेज के बाहर लगी तम्बाकू गुटका की दुकानों को हटाए जाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौपने के दौरान अनिल मीणा, रवींद्र मीणा, कमलेश मीणा, रघु मीणा, ललित मीणा, बलराम मावदा, रामजन्म मीणा, विकाश, मोहित मीणा, सन्नी, सुमित आदि कई युवा मौजूद रहे।

### अवैध शराब के विक्रय पर प्रकरण दर्ज

**श्योपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने श्योपुर के ग्राम पानडी में अवैध रूप से शराब विक्रय के मामले में कार्यवाही करते हुए 9 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद की है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है, बरामद की गई शराब की कीमत 4300 रुपए है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, बृजनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फैल हुआ सरकार का लोकल यूथ सर्वेयर प्लान, पेमेंट को चक्कर काट रहे बेरोजगार

### लोकल यूथ सर्वेयरों ने गिरदावरी व फॉर्मर आईडी के भुगतान के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गांव के स्थानीय युवाओं के माध्यम से किसानों फसल गिरदावरी एंव फॉर्मर आईडी का काम कराए जाने का सरकार का फार्मूला सफल नहीं हो पाया है। सरकार ने राजस्व के मामलों में किसानों और प्रशासन के बीच सामंजस्य व विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय युवाओं के माध्यम से फसल गिरदावरी एंव फॉर्मर आईडी का काम अपने मोबाइल से करने की योजना बनाई थी जिसके तहत बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती भी की गई उक्त युवाओं ने 1 साल से अधिक समय तक तीन सीजन में काम भी किया और उनके काम के आधार पर प्रशासन ने शासन स्तर पर रिपोर्ट भी भेजी लेकिन जिन युवाओं ने इस काम को अंजाम दिया उन्हें आज तक किए गए काम का भुगतान नहीं किया गया है जिसके चलते मंगलवार को उक्त युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन एसडीएम गगन मीणा को सौंपा जिसमें किए गए काम का भुगतान कराए जाने की मांग की गई है।

### कैसे काम करते हैं लोकल युथ सर्वेयर

पटवारियों पर से काम का बोझ कम करने ओर किसानों व प्रशासन के बीच सामंजस्य बनाने के उद्धेश्य से लोकल युथ सर्वेयर की नियुक्ति प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में करते हुए उन्हें डिजिटल कॉप सर्वे (खरीफ, रबी, जायद) करने के लिए पटवारियों की तरह पासवर्ड उपलब्ध कराए गए हैं। उक्त पासवर्ड के माध्यम से लोकल युथ सर्वेयरों ने अपने द्वारा किए गए काम को एमपी भू अभिलेख पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन करना था। इस काम को लोकल युथ सर्वेयर ने खेतों में पहुंचकर किया जिससे किसानों में प्रशासन के प्रति विश्वास जाग्रत हुआ।

### प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जान बचाने के बताए तरीके




**श्योपुर।** मंगलवार को निषादराज भवन में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला श्योपुर के तत्वाधान में आपदा जन जागृति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें होमगार्ड के प्लाटून कंमाडर राहुल शर्मा एवं प्रमोद डण्डोतिया द्वारा एसडीआरएफ जवानो के सहयोग से विभिन्न प्रकार की आपदा जैस भूकम्प, बाढ, आग, भू-स्खलन, सुरंग आदि में फसने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा उठाये जाने वाले कदमो के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा सडक, रेल र्दुघटना, हार्ट अटैक, गला चौकिंग होने के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान बताय गया कि बाढ के दौरान वैकल्पिक बचाव साधनों का उपयोग किया जा सकता है, जिसके तहत खाली बोतलों से लाइफ जैकेट बनाने का तरीका बताया गया। बाढ के अलर्ट के दौरान बचाव सामग्री का संकलन सुनिश्चित कर ले, जिसके तहत लाइफ जैकेट, बडी प्लास्टिक बोतलो को रस्सी से बांधकर लाइफ जैकेट की तरह काम में लिया जा सकता है और घर में लकडी की सीढी अवश्य रखें। आपदा के समय किसी प्रकार की जल्दबाजी न करें, बल्की विवेक के साथ कार्य करें। इसके साथ ही प्रशिक्षण में हार्ट अटैक, खून बहने, गला चौकिंग होने की स्थिति में जान बचाने के लिए किये जाने वाले उपायो को डिमोस्टेशन के माध्यम से समझाया गया, सीपीआर देने की प्रक्रिया भी बताई गई। आकाशीय बिजली गिरने के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## वीरेन्द्र जैन का तबादला, सुधीर कुमार होंगे श्योपुर के नए एसपी

# नवागत एसपी बोले-जल्द श्योपुर पहुंचकर संभालेंगे प्रभार, कानून व्यवस्था में लाई जाएगी कसावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन का तबादला हो गया है। करीब 13 महीने से श्योपुर जिले की कप्तानी कर रहे आईपीएस वीरेन्द्र जैन को शासन ने स्थानांतरित करते हुए बैतूल जिले का पुलिस अधीक्षक बना दिया है। जबकि उनकी जगह आईपीएस सुधीर कुमार अग्रवाल को श्योपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वर्तमान में सुधीर कुमार अग्रवाल मैहर जिले के पुलिस अधीक्षक है। जहां से उन्हें स्थानांतरित करते हुए श्योपुर एसपी बनाया गया है।

वर्ष 2016 बैंच के आईपीएस अफसर सुधीर कुमार अग्रवाल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि वे जल्द ही मैहर से रिलीव होने के बाद श्योपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण करेगे। फिलहाल तो उनकी प्राथमिकता यही रहेगी कि कानून व्यवस्था में कसावट लाते हुए अपराधों के ग्राफ को नीचे लाएंगे। पुलिस के पास मदद के लिए आने वाले हर पीड़ित की परेशानी को गंभीरता से सुना जाकर उसके निदान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके साथही पुलिस और आमजन के बीच संबंधों में मधुरता बढ़े, इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इसके बाद जिले की भौगोलिक स्थिति को समझने और यहां की जरूरतों को देखते हुए आगे की प्राथमिकता तय करेंगे।




### मैहर जिले के पहले एसपी हैं सुधीर अग्रवाल



श्योपुर के नवागत एसपी बनाए गए आईपीएस सुधीर कुमार अग्रवाल करीब दो साल से मैहर जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ है। बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले वर्ष 2023 में सतना से अलग होकर मैहर को नया जिला बनाया गया था। इसके बाद शासन ने सुधीर कुमार अग्रवाल को मैहर का पहला पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। 6 अक्टूबर 2023 को उनकी मैहर एसपी के रूप में पदस्थापना की गई थी। तब से ही वे मैहर जिले की पुलिस कप्तानी कर रहे है।

### श्योपुर के 25 वें एसपी हैं जैन, अग्रवाल होंगे 26वें पुलिस अधीक्षक



वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अफसर वीरेन्द्र जैन श्योपुर के 25 वें पुलिस अधीक्षक है। जबकि नवागत एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल श्योपुर के 26 वें पुलिस अधीक्षक होंगे। बताना होगा कि 13 अगस्त 2024 को श्योपुर में बतौर पुलिस अधीक्षक पदस्थ हुए वीरेन्द्र जैन को श्योपुर जिले की कप्तानी करते हुए सालभर का समय बीत चुका है। अपने साफ सुथरे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई बडी आपराधिक वारदातों का खुलासा किया, वहीं किसी बदमाश गिरोह को भी जिले में पनपने नहीं दिया। हर साल बारिश के सीजन में जंगल में लगने वाली खिरकाईयों पर बदमाशों की धमक सुनाई देती थी,लेकिन इस बार एसपी वीरेन्द्र जैन के द्वारा बदमाशों पर ऐसी नकेल कसी कि बदमाशों ने दोबारा जिले के जंगल में आने की हिम्मत नहीं दिखाई।

### अब तक ये रह चुके हैं श्योपुर में एसपी

25 मई 1998 को जिला बने श्योपुर में अभी तक जो पुलिस अधीक्षक पदस्थ रह चुके है। उनमें राजेश गुप्ता, रवि गुप्ता, एएस चौधरी, एमके मुदगल, सीएस मालवीय, आरएल बोरना, डीएस कोरबू, अभय सिंह, संजय कुमार, प्रमोद वर्मा, एसके सक्सैना, एमएस सिकरवार, अजित कुमार, डीके सिंह, जितेन्द्र सिंह, एसके पांडे, साकेत प्रकाश पांडे, डॉ. शिवदयाल सिंह, नगेन्द्र सिंह, संपत उपाध्याय, अनुराग सुजानिया, आलोक कुमार, डॉ राय सिंह नरवरिया,अभिषेक आनंद ,वीरेन्द्र जैन शामिल है।

# साहब! बिजली की कमी से सूख रही फसलें, बर्बाद हो रहे किसान

### 4 गांवों के ग्रामीणों के साथ पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष ने महाप्रबंधक से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! बिजली नाम मात्र को मिल रही है। खेतों में खड़ी धान की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है। अगर बिजली शेड्यूल के अनुसार नहीं मिली तो किसान तबाह और बर्बाद हो जाएंगे। यह बात मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के साथ चार गांव के किसानों ने बिजली कंपनी के महा प्रबंधक लक्ष्मी नारायण पाटीदार से कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने मंगलवार को ग्राम चांदीपुरा, मिलावली , सुटारा , टर्रा के लोगो के साथ विधुत विभाग के महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार से मुलाक़ात कर उन्हें ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि शेड्यूल के अनुसार कृषि कार्य के लिए किसानों को प्रतिदिन 7-7 घंटे बिजली मिलना चाहिए लेकिन हमारे फीडर पर सिर्फ 3-3 घंटे बिजली दी जा रही है जिसके कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो रही है अगर पर्याप्त मात्रा में शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिली तो खेतों में खड़ी धान की फसल सूख जाएगी। किसानों ने बताया कि अभी से ही धान की पत्तियां सिंचाई के अभाव में पीली पड़ने लगी है ऐसी स्थिति में किसान बर्बाद हो जाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने महाप्रबंधक को बताया कि शासन ने किसानों को जो बिजली शेड्यूल अनुसार निर्धारित की गई है वह उन्हें मिलना ही चाहिए ताकि किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। महाप्रबंधक ने ग्रामीणों का भरोसा दिलाया कि उन्हें शेड्यूल अनुसार बिजली मिले इस संबंध में वह संबंधित फीडर से जुड़े एई और जेई को निर्देशित करेंगे। किसानों ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया जिसमें मांगे पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने जाम लगाने की चेतावनी भी दी गई है।



## खबर संक्षेप



### हस्तकला बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं को आकर्षक एवं मनमोहक बनाती है: डॉक्टर रश्मि

**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत हस्तकला विधा पर केन्द्रित 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने छात्राओं द्वारा बनाई जा रही विविध हस्तकला सामग्री का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि हस्त निर्मित सजावट सामग्री स्वयं को आनंदित करती है। अभ्यास से कला निखरती है। कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा कि हस्त कला बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं को आकर्षक एवं मनमोहक बना देती है। हस्तकला प्रशिक्षक रितुराज तिवारी ने कहा कि हस्त कला की कोई सीमा नहीं है। हमारी कल्पना शक्ति हस्त कला निर्मित सामग्री को सुंदर बनाती है। हस्तकला प्रशिक्षण में छात्राओं ने चावल से सुंदर गुड़िया बनाना सीखा। उसके अलावा पुरानी चूड़ियों एवं सुतली से कई डिजाइन के सुंदर सुंदर तोरण बनाना सीखा। बेकार चीनी कप एवं डिब्बों के प्रयोग से गुलदस्ते, पेन स्टेंड एवं सजावट सामग्री तैयार की। छात्राएँ रुचि पूर्वक हस्तकला प्रशिक्षण में सहभागिता कर रही है। आरती ठाकुर सदस्य कॅरियर प्रकोष्ठ ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिलाने में सहयोग किया।
इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा



**बीना।** सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर महेश कुमार शर्मा एवं न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल न्यायालय परिसर में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के पूर्व नेशनल लोक अदालत की जानकारी ग्रामीण एवं शहरी जन सामान्य तक पहुंच सके एवं नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभों की जानकारी जनसामान्य को मिल सके इसके लिए तहसील न्यायालय से मंगलवार को प्रचार प्रसार वाहन को अध्यक्ष एवं अपर जिला न्यायाधीश संजय कुमार जैन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर देवेन्द्र कुमार कुन्डू प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, मीनाक्षी शर्मा जेएमएफसी एवं शरद जोशी जेएमएफसी, मदुल जैन जेएमएफसी, सलोनी जैन, जेएमएफसी तथा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार जैन, सचिव राहुल माथुर, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी सहसचिव सूरज सिंह, पूर्व अध्यक्ष केके ताम्रकार, सजाद खान, हेमंत लोधी, शुभम कुर्मी, वीरेन्द्र प्रजापति सहित समस्त अधिवक्ता, कर्मचारी एवं पक्षकारगण आदि उपस्थित रहे।


### शॉल, शील्ड, स्मृति चिन्ह देकर कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**बीना।** विद्युत पेंशनर एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय रजत जयंती समारोह ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आतिथ्य में प्रदेशाध्यक्ष सुरेश जैसवाल की अध्यक्षता में ग्वालियर में संपन्न हुआ। इसमें बीना से प्रदेश संगठन सचिव डॉ प्रेम श्रीवास्तव सहित सेवा निवृत्त कार्यपालन अभियंता बीएस पटेल, प्रकाश विश्वकर्मा, पेंशनर मनोहर नामदेव, कंछेदी लाल कोरी, राम लाल पटेल, राम सिंह राय, बलबीर आदि ने भाग लिया। सचिव डॉ प्रेम श्रीवास्तव ने बताया कि उर्जा मंत्री तोमर द्वारा विद्युत कर्मियों सहित पेंशनरों को भी कैश लेस हेल्थ इंश्योरेंस की घोषणा की।

## भीड़ के बीच श्री जी चांदी के रथ और रजत विमान में सवार होकर निकले

# अशोकनगर शहर की सड़कों पर जैन समाज का निकला जलसा





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

सोमवार को अशोकनगर शहर जैन समाज के जलसे में डूबा नजर आया। इस चल समारोह में श्री जी चांदी के रथ में और रजत विमान में सवार होकर निकले। पूरा शहर श्री जी की शोभा यात्रा में शामिल हुआ। जगह-जगह भगवान की आरती उतारी गई, श्रीफल भेंट किए गए। श्रद्धा, भक्ति, आस्था और उपासना के इस पर्व पर उल्लास देखा गया। अशोकनगर में विराजमान संतो की परम्परा के निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज इस चल समारोह का हिस्सा बने। अदभुत, अकल्पनीय और अविश्वनीय आयोजन को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

जैन समाज के पूरे वर्ष होने वाले आयोजनों में जैन विमानोत्सव का आयोजन सबसे बड़े जलसे के रूप में जाना जाता है यह आयोजन हर वर्ष पर्यूषण पर्व की समाप्ति के पश्चात होता है। इस बार भी यह आयोजन दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था जिसमें सोमवार को यह चल समारोह पुराना बाजार स्थित गांव जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर पहुंचा। इस चल समारोह में न केवल अशोकनगर शहर अपितु पड़ौसी जिला गुना, शिवपुरी,सागर और विदिशा से भी लोग शामिल होने हेतु अशोकनगर पहुंचे थे। इन श्रद्धालुओं ने न केवल जैन विमानोत्सव में भाग लिया अपितु मुनिश्री के दर्शन भी किए।

### चांदी के रथ को मानव रथ के रूप में निकाला गया

जैन विमानोत्सव का यह आयोजन जब प्रारंभ हुआ तब मंदिर के बाहर ही श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती की। इस दौरान भगवान के विमान में लगने के लिए लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। इसी तरह अशोकनगर जैन समाज की एक बड़ी उपलब्धी चांदी के रथ में विराजमान श्री जी को मानव रथ के रूप में खींचते हुए लोगों को देखा गया।

भगवान के यह विमान जिन-जिन रास्तों से निकले उन रास्तों पर रहने वाले निवासियों ने भगवान की आरती की और श्रीफल भेंट किए। इस चल समारोह में इस






बार भी उज्जैन जिले के बड़नगर के भारत बैण्ड को जैन भजनों को लेकर आंमत्रित किया गया था। जैन भजनों पर लोगों को नाचते गाते हुए देखा गया। एक तरफ युवतियां नांच रही थी तो दूसरी ओर युवक नांच रहे थे। इस विमानोत्सव में जिसे जो मौका मिला वह अपनी प्रस्तुती देता हुआ नजर आया।

### महिला संगठनों में भी उत्साह देखा गया

महिलाओं की टोलियां भी नांचते गाते हुए देखीं गईं। कईं युवतियों को मोर के पंख लगाकर शामिल होते देखा गया। इस चल समारोह में हाथी भी आर्कषण का केन्द्र थे। लोगों को हाथियों के साथ सेल्फी लेते हुए देखा गया कईं लोगों ने हाथियों को केले भी खिलाए, कईं लोगों को हाथी पर बैठने का मौका भी मिला। इस चल समारोह में युवकों को चांचड़ भी खेलते हुए देखा गया जो यहां के विमानोत्सव की एक बड़ी पहचान है।

### मुनिश्री के मंगल प्रवचनों का आयोजन हुआ

मुनिश्री सुधासागर महाराज इस चल समारोह में रसीला चैराह से दोपहर 2 बजे के बाद शामिल हुए। इस मौके पर मंगल गार्डन में श्री जी के अभिषेक का आयोजन हुआ। भगवान की फूलमाल, ज्ञानमाल और श्रीमाल के आयोजन हुए। साथ में ईसुर वारा क्षेत्र और थूवोनजी के लिए भी लोगों ने दान राशि प्रदान की। इस मौके पर मुनिश्री के मंगल प्रवचनों का आयोजन हुआ। मुनिश्री ने अशोकनगर के इस विमानोत्सव को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जिनेन्द्र भगवान की यात्रा में जो उत्साह देखने को मिला है वह उत्साह यहां के जनता में धर्म के प्रति आस्था को दिखाता है। इस मौके पर समाज जनों को निःशुल्क वात्सल्य भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। मंगलवार को भी जैन विमानोत्सव का यह चल समारोह सुभाष गंज जैन मंदिर से निकाला जाएगा। जो सुभाषगंज, सदर बाजार, नेहरू पार्क रोड, इन्द्रा चैक, त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर, प्रोसेशन रोड होते हुए पुराना गांव जैन मंदिर पहुंचेगा।

### डीआईजी विनीत कुमार भामाशाह अशोक पाटनी ने किया वार्षिक महोत्सव का ध्वजारोहण

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि चल समारोह से पहले ध्वजा रोहण का सौभाग्य जैन समाज के भामाशाह परिवार सुशीला अशोक पाटनी, डीआईजी विनीत कुमार द्वारा प्रतीष्ठाचार्य प्रदीप भैया के मंत्रोच्चार के बीच जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री, राकेश अमरोद के साथ किया गया। इनका सम्मान उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप ताराइर, राजेन्द्र अमन मंत्री, शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार एडीटर संजय केटी संयोजक उमेश सिघई मनोज रन्नौद मनीष सिंघई श्रेयांस घैला दारा किया गया।



### जीवन में ऐसा काम न करे जिससे राष्ट्र बदनाम न हो

इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि ग्रहस्थ जीवन को भी कोई साधारण चीज मत समझो तुम्हारे लिए मन मानी करना है तो ग्रहस्थी मत वसाना। तुम इतना सोच लो कि तुम्हारे करने से किस को नुकसान हैं। तुम्हारे व्यसन करने से कितने लोग परेशान हो गए। तुम्हारे कारण राष्ट्र की प्रसिद्ध बढ़ेगी राष्ट्र का गौरव बढ़ा। ऐसा कुछ जीवन में जरूर करना ऐसे पाप नहीं करना जिससे राष्ट्र बदनाम न हो आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता। उसे लोगों को मारने से मतलब रहता ऐसा पाप अक्षम्य महापाप होता है। जो राष्ट्र दोह है ऐसा कभी मत करना चाहें प्राण चले जायें अंग्रेजे लोग शाम को एक घंटे की छुट्टी भोजन के लिए देते थे।



## जिले में बारिश से पुल, पुलियों के साथ सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि बारिश से पुल,पुलियों,सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है,उनके मरम्मत एवं सुधार का कार्य 15 सितम्बर से प्रारंभ कराया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी 10 एवं 11 सितम्बर को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जिले में भ्रमण रहेगा। भ्रमण संबंधी समस्त तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं। दिशा बैठक के संबंध में संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ तैयार रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि केन्द्रीय मंत्री के जनसुनवाई कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाई जाए।

उन्होंने विजन डाक्यूमेंट पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जर्जर भवनों को गिराये जाने की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। बैठक में आने वाले त्यौहारों विशेषकर नवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तहसील स्तरीय बैठकें आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहारों पर समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों को विक्रय किये जाने हेतु अधिकारी को निर्देश दिए।उन्होंने विभागों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों के निराकरण के निर्देश सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाले पत्रों के निराकरण की समीक्षा, जिले में मुख्यमंत्री द्वारा की गईं घोषणाओं पर अमल, केन्द्रीय मंत्री के जनसुनवाई कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार अद्यतन स्थिति, कलेक्टर की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के विभागवार लंबित आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत जिले में 15 से 19 सितंबर तक विभागीय शासकीय कर्मियों का पंजीयन कराकर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। परामर्शदात्री समितियों की बैठकें नियमित रूप से विभागों में हों यह सुनिश्चित किया जाए। अति कुपोषित बच्चों को एन. आर. सी.में भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए।

**जर्जर की मरम्मत एवं सुधार का कार्य 15 सितंबर से प्रारंभ कराए जाने के दिए गए निर्देश**


उन्होंने मुक्तिधामों की सड़क मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुये सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्होंने समग्र आईडी, आधार ई-केवायसी की प्रगति की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिए। सी.एम. हेल्पलाइन के तहत विभागों की ग्रेडिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सी. एम. हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय निर्माण कार्यों में प्रगति लाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ग्रामीण क्षेत्र में दूरसंचार एवं टीवी (दूरदर्शन) पर कार्यशाला का आयोजन कल होगा

**अशोकनगर।** नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एन.सी.एच.एस.ई.)जो भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) नई दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश में कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप (सीएजी) के रूप में पंजीकृत है। ट्राई के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र की जनता को दूरसंचार एवं दूरदर्शन (टी.वी.) के क्षेत्र में हुए परिवर्तनों एवं निर्देशों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन अशोकनगर में 11 सितंबर को दोपहर 1 से 3 बजे तक शा. उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में किया गया है। जिसमें दूरसंचार उपभोक्ताओं (मोबाइल उपयोगकर्ताओं) को ट्राई के द्वारा उपभोक्ता हित में बनाये गये दिशा निर्देशो, नियमों, विनियमों के बारे में, जिससे सेवाप्रदाताओं (बीएसएनएल, जिओ, एयरटेल, वोडाफ़ोन-आईडिया) द्वारा उपभोक्ताओं को अच्छी एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो सके, विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही साइबर हाइजीन एवं अवांछित व्यवसायिक संचार के बारे में जागरूक किया जायेगा।

## भू-माफिया और पटवारियों की मनमानी से वृद्ध पीड़ित 10 साल से बंटवारे के लिए भटक रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ करेरा**





करैरा तहसील के निवासी शामलिया कुशवाह पिछले दस वर्षों से अपनी जमीन के बंटवारे के लिए संघर्ष कर रहा हैं, लेकिन भू-माफियाओं और पटवारियों की मिलीभगत के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित ने बताया कि 2 फरवरी 2016 को उनकी जमीन का बंटवारा पटवारी राकेश गुप्ता (बंटी) और विनोद सोनी द्वारा किया गया था, लेकिन आज तक इसे अमल में नहीं लाया गया। इस दौरान चार पटवारी बदल चुके हैं, और प्रत्येक ने उनसे पैसे वसूले। वर्तमान पटवारी पुष्पेंद्र गुप्ता ने तो दस लाख रुपये की मांग की, यह कहते हुए कि उनकी जमीन कीमती है। शामलिया ने डेढ़ लाख रुपये पहले ही दे दिए, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने तहसीलदार के आदेशों की अवहेलना की शिकायत की, लेकिन पटवारी ने धमकी दी कि वह जहां चाहें शिकायत कर लें, कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पटवारी भू-माफियाओं के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। भू-माफिया बार-बार गुंडों को लेकर आते हैं, धमकी देते हैं और उनकी जमीन पर चूना डालकर निशान लगाते हैं। इस उत्पीड़न से तंग आकर शामलिया ने जनसुनवाई में एसडीएम अजय शर्मा के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने न्याय की गुहार लगाई।

शामलिया कुशवाह का कहना है कि भू-माफिया उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए पुलिस का सहारा लेते हैं और दावा करते हैं कि यह जमीन उनकी नहीं है। पुलिस भी भू-माफियाओं के दबाव में आकर पीड़ित को परेशान करती है। इन लोगो ने शामलिया को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ दिया है, उन्होंने बताया कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठा सकते हैं। उनकी शिकायत में यह भी उजागर हुआ कि तहसील में मनमानी का आलम है, जहां पटवारी तहसीलदार के आदेशों को भी नहीं मानते। भू-माफियाओं के साथ साठगांठ कर वे ना केवल उनकी जमीन पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि अन्य गरीब और असहाय लोगों को भी लूट रहे हैं। जनसुनवाई में एसडीएम अजय शर्मा ने मामले को देखा और जांच के आदेश दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के मामले करैरा तहसील में आम हो गए हैं, जहां भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं का बोलबाला है।

### कन्या विद्यालय भूमि संघर्ष में विद्यार्थी परिषद की जीत

**अशोकनगर।** कन्या विद्यालय की जमीन को लेकर चल रहे संघर्ष में विद्यार्थी परिषद की बड़ी जीत आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अशोकनगर द्वारा उठाए गए प्रयासों और छात्र हितों की लगातार आवाज़ का परिणाम सामने आया है। सोमवार को प्रकाशित समाचार और परिषद द्वारा किए गए प्रेस वार्ता व आंदोलन के बाद, जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर ने तत्काल आदेश जारी करते हुए कन्या विद्यालय की जमीन पर सीमांकन, बाउंड्रीवाल निर्माण, खेल मैदान की व्यवस्था तथा विद्यालय के नाम का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

## सहोदरी में श्रीमद् भगवत गीता के अध्याय 7 ज्ञानविज्ञान योग का स्वाध्याय संपन्न



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के सदस्यों ने ग्राम सहोदरी में हनुमान जी मन्दिर पर श्रीमद्भगवद्गीता के सप्तम अध्याय का स्वाध्याय अपने पितरों के कल्याणार्थ किया।

समिति सदस्यों ने बताया कि पितृपक्ष में श्रीमद्भगवद्गीता के सातवे अध्याय का स्वाध्याय करने से पितृ संतुष्ट होते है उनकी आत्मा को शांति प्राप्त होती है। गीता के दशम अध्याय में श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी के पितरों के अधिपति अर्यमा नामक पितर मैं स्वयं हूं। सप्तम अध्याय के 21वे श्लोक में श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो जो सकाम भक्त जिस जिस देवता के स्वरूप को श्रद्धा से पूजना चाहता है, उस उस भक्त की श्रद्धा को मैं उसी देवता के प्रति स्थित करता हूं। आगे वे कहते हैं वह पुरुष उस श्रद्धा से युक्त होकर उस देवता का पूजन करता है और उस देवता से मेरे द्वारा ही विधान किए हुए उन इच्छित भोगों को निरूसंदेह प्राप्त करता है परन्तु उन अल्प बुद्धि वालों का वह फल नाशवान है तथा वे देवताओं को पूजने वाले देवताओं को प्राप्त होते हैं और मेरे भक्त चाहे जैसे भी भजें, अंत में मुझको ही प्राप्त होते हैं।

इसीलिए सभी को पितृपक्ष में अपने पूर्वजों के निमित्त परोपकार के कार्य करना चाहिए और श्रीमद्भगवद्गीता को पढ़कर उसे अपने आचरण में उतारना चाहिए। सो अपने पितरों को प्रसन्न करने हेतु प्रभू की वाणी का नित्य प्रतिदिन पाठ करना चाहिए। श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा गांव गांव रविवारीय स्वाध्याय चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पितृ पक्ष में ग्राम चैपरा हनुमान मंदिर लखेरी बसारती, बक्सनपुर आरोली, डोंगर, पिपरई, खैराई,रांवसर, पाकोंन आदि गांव में स्वाध्याय किया जाएगा। इस अवसर पर गीताव्रती रामबली, बलवीर सिंह रांवसर, दादा भैयालाल, नन्हेराजा यादव, लाखन सिंह, गोविंदसिंह भगतजी, लाखनसिंह चैपरा, नीतेश, बाबूजी, संतराम, महेश शर्मा, ओम प्रकाश सहित सभी गीताप्रेमी उपस्थित रहे।

## कन्या स्कूल की भूमि पर सूचना पट लगाने की मांग

# स्कूल बचाओ संघर्ष समिति ने ज्ञापन सौंपा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गल्र्स स्कूल भवन के निर्माण और सरकारी स्कूलों को मर्ज कर बंद करने के खिलाफ कलेक्टर से की मुलाकात।

अशोकनगर स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्टर से मुलाकात की समिति के देवेंद्र विजौरे ने बताया कि समिति द्वारा पुराने एक्सीलेंस स्कूल (पानी की टंकी के सामने) की जगह शा. कन्या उ.मा. विद्यालय के भवन निर्माण को लेकर समिति लगातार मांग कर रही है इसी क्रम में उस जगह पर धरना प्रदर्शन मई महीने में किया था उसके बाद विधायक, कलेक्टर को भी ज्ञापन दिए गए छात्रों,अभिभावकों को शामिल कर रैली भी निकाली गई थी। नगरपालिका द्वारा उस जगह पर अतिक्रमण करने का भी प्रयास किया जा रहा था लेकिन आंदोलन के दबाव में कलेक्टर ने कहा है कि अतिक्रमण को हटाया जाएगा और स्कूल निर्माण के लिए लागत राशि आने पर काम शुरू किया जाएगा।

इसके साथ ही दूसरी मांग रखी कि शिक्षा विभाग द्वारा 9 सरकारी स्कूलों को सीएम राइज (सांदीपनी) स्कूल में मर्ज कर बंद करने के लिए सूची जारी की गई है। इन 9 विद्यालयों में लगभग 5 हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। लेकिन बेहद चिंतनीय है कि अशोकनगर के इन विद्यालयों में शहर का एकमात्र गल्र्स हायर सेकेंडरी स्कूल जिसमें लगभग 1200 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं व शा.मा.विद्यालय क्र.2 जिसकी छात्र संख्या हजार के लगभग है,शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1,ग्राम भौराकाछी का हाईस्कूल सहित अन्य विद्यालयों को सीएम राइज़ स्कूल टोरिया में मर्ज कर बंद करने की प्रक्रिया प्रशासन कर रहा है जिसके तहत शंकरपुर मगरदा का प्राथमिक विद्यालय जिसकी छात्र संख्या 135 दर्ज है को बंद कर दिया गया है उसके बाद से अधिकतर बच्चे स्कूल ही नहीं गए।

**खास बातें**

- पुराने एक्सीलेंस स्कूल (पानी की टंकी के सामने) की जगह पर शा. कन्या उ.मा. विद्यालय के नवीन भवन का निर्माण जल्द शुरू किया जाए। तब तक उस जगह पर एक सूचना बोर्ड लगाया ताकि वहां किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो।
- शहर और ग्राम के 9 स्कूल जो शिक्षा विभाग द्वारा मर्ज कर बंद करने की सूची में है सभी को बंद करने पर तुरंत रोक लगाई जाए।
- शंकरपुर मगरदा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय जिसको बंद कर दिया गया है जल्द से जल्द यथावत शुरू किया जाए।